# मेष राशि फल वर्ष २०२६

**मेष राशि :** वर्ष पर्यन्त शनि के मीन राशि से गोचर में दूरस्थ स्थानो की यात्रा होगी। व्यय अधिक रहेगा। कार्य करने में परेशानी आयेगी। मानसिक तनाव रहेगा। वर्षारम्भ से गुरु के गोचरीय प्रभाव से परिवार में झगड़े झझंट होगे। मतभेद बढ़ेगे। भाईयों से विवाद होगा। कार्यस्थल पर अवरोध रहेगे। नौकरी में व्यवधान होगा। कष्टदायक अथवा अप्रिय स्थान पर स्थानान्तर होगा। शारीरिक रोगो से परेशान रहेगे। आर्थिक हानि से धन का अभाव रहेगा। जीवन साथी को कष्ट होगा। गर्भपात की सम्भावना बनेगी। इण्टरव्यूज तथा परीक्षाओ में अपेक्षित सफलता की कमी खटकेगी। भाग्योदय में अड़चन रहेगी।

**जनवरी:** शरीर निर्बल रहेगा। विरोधी प्रभावी होगे। महिलाओ के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। आर्थिक हानि होगी। 14 जनवरी से स्थिती में सुधार होगा। वरिष्ठो का सहयोग मिलेगा। प्रतिष्ठित कार्य सफलता पूर्वक सम्पन्न होगा। 16 जनवरी से सुदूर स्थान अथवा विदेश यात्रा का योग रहेगा। इस समय कठिन परिस्थितियो के निवारण के लिय अवांछित कार्यो से बचकर रहना श्रेयस्कर होगा। वाक्चातुर्य से हानि होगी। सामाजिक कार्यो में समय व्यर्थ करेगे। मिथ्या अपवाद से बचेंगे परन्तु किसी के दुर्व्यवहार से कष्ट होगा। मन अशान्त रहेगा।

शुभ दिन : 06, 11, 18, 21, 23,

अशुभ दिन : 02, 04, 08, 13, 16, 25, 27, 29, 31

**फरवरी:** शुभ कार्यो की प्रवृति रहेगी। सन्तान के विषय में चिन्तित होगे। वरिष्ठो से मतभेद होंगे। यश, मान सम्मान में कमी आयेगी। रोग ग्रस्त होंगे। शरीर निर्बल होगा। विरोध एवं विरोधी प्रभावी होगे। महिलाओ के कारण कलह एवं कष्ट की स्थिति बनेगी। धनागम में कमी रहेगी। 13 फरवरी से मांगलिक उत्सवो में व्यवधान आयेगा। 23 फरवरी से चले आ रहे मुकद्दमो में अपेक्षित परिणाम नही मिलेंगे। सहोदरो से मतभेद होंगे। भूमि – भवन से हानि होगी अतः इस समय भूमि–भवन से लाभ के विचार को निरस्त रखना उचित होगा।

शुभ दिन : 02, 07, 15, 17, 19,

अशुभ दिन : 05, 10, 12, 21, 23, 26, 28

VYAS PANCHANG

**मार्च:** व्यवसाय एवं अन्य कार्यो में सफलता मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पद प्रतिष्ठा का लाभ मिलेगा। पारिवारिक सम्बन्धो में सुधार आयेगा। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। प्रेम सम्बन्धो में सफलता मिलेगी। महिलाओ मित्रो तथा सहकर्मियो का सहयोग मिलेगा। नौकरीपेशा वर्ग तथा स्टार्टअप में कार्यरत व्यक्तियो की उन्नति होगी। सफेद वस्तुओ, तरल पदार्थो, सुगन्धित द्रव्यो, श्रंगारिक वस्तुओ तथा सौन्दर्य प्रसाधनो के व्यापारी लाभ में रहेगे। व्यय पर नियन्त्रण रहेगा। स्वास्थय लाभ होगा। दुर्घटनाओं से बचाव होगा। नये अनुबंधो पर गहन विचार आवश्यक रहेगा। अविवाहितो का विवाह योग बनेगा।

शुभ दिन : 06, 14, 16,

अशुभ दिन : 02, 04, 09, 11, 18, 21, 23, 25, 27, 29, 31

**अप्रैल :** किसी कारणवश घर से दूर रहना होगा। सहोदरो के साथ पारिवारिक झगड़े झंझटो से परेशान रहेगे। नेत्र रोग, उच्च रक्त अथवा रक्त सम्बन्धी किसी रोग से पीड़ित होगे। मान-सम्मान गिरेगा। दाम्पत्य जीवन में मतभेद बनेगे । वाद विवादो से कार्यो में अवरोध आयेगे, हानि होगी। असफलता से पद हानि का भय रहेगा। सन्तान के कारण पीड़ा होगी। शिक्षा में विघ्न रहेगा। क्रियेटिविटी में कमी आयेगी। 14 अप्रैल के पश्चात् शिक्षा तथा अध्ययन में सफलता मिलेगी। पारिवारिक समस्याओ का समाधान होगा। झगड़े झंझट समाप्त होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। यात्राये होगी। व्यापार में उन्नति होगी।

शुभ दिन : 03, 13, 30

अशुभ दिन : 05, 08, 10, 15, 17, 19, 21, 23, 25, 28,

**मई :** कार्यो में सफलता से मन प्रसन्न रहेगा। शुभ फलदायक यात्रायें होंगी। विभिन्न उपद्रवो से शांति मिलेगी। शल्य क्रिया आपरेशन अथवा चोट लगने का भय दूर होगा। दाम्पत्य जीवन का सुख रहेगा। योग्य व्यक्तियो का सन्तान प्राप्ति योग बनेगा। मनोरंजन, गायन, वादन, शिक्षा तथा अध्ययन में रुचि रहेगी। वाकचातुर्य से प्रशासकीय लाभ मिलेगा। बहुमूल्य वस्तुये प्राप्त करेगे। विरोधी परास्त होगे। मास के अन्त में विरोधी मुखर होगे। मन भयग्रस्त रहेगा। परिश्रम तथा साहस से मन हटेगा। व्यय अधिक होगा।

शुभ दिन : 03, 08, 10, 16, 27, 30

अशुभ दिन : 05, 12, 14, 18, 20, 23, 25,

VYAS PANCHANG

**जून:** मन अशांत रहेगा। व्यवसायिक हानि होगी। विरोधी पक्ष प्रबल तथा आक्रमक रहेगा। किसी अति निकट तथा विश्वासी सहयोगी से धोखा मिलेगा। स्थान परिवर्तन होगा। अपमान जनक स्थितियो का सामना करना पड़ेगा। निम्न वर्ग से विरोध रहेगा। स्थाई सम्पत्ति के कारण कोर्ट – कचहरी के झंझट होगे। मन में वैराग्य की प्रबल भावना बनेगी। 08 से 15 जून के मध्य रोजी रोजगार तथा कार्यालय की उलझने समाप्त होगी। व्यवसायिक लाभ मिलेगा। परन्तु भाग्योदय में रुकावट रहेगी। शासकीय कारणो से प्रताड़ित होंगे। 15 जून से धैर्य पूर्वक कार्य करने पर सफलता प्राप्त होगी अन्यथा असफलता का मुंह देखना पड़ेगा। किसी कार्य में महिलाओ के कारण असफलता मिलेगी। प्रेमी युगलो के लिये समय अनुकूल नही है। 20 जून से मानसिक तनाव समाप्त होगा। परिश्रम के अनुरुप परिणाम प्राप्त होंगे। राजकीय भय का निराकरण होगा। स्थाई सम्पत्ति बढ़ेगी।

शुभ दिन : 06, 13, 24, 26,

अशुभ दिन : 01, 04, 11, 15, 17, 19, 21, 29

**जुलाई :** स्वभाव में जिद्द तथा अहंकार की भावना पर बलपूर्व नियन्त्रण कर पाने में सफलता मिलेगी। दूसरे के विचारो को यथायोग्य समाहित कर कार्य करने पर लाभ मिलेगा। सन्तान के दायित्वो की पूर्ति होगी। योग्य व्यक्तियो का सन्तान प्राप्ति का योग रहेगा। अधिकार क्षेत्र बढ़ेगा। विभिन्न स्रोत्रो से आय के कारण आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। विरोधी परास्त होगे। प्रेमी युगलो में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। विभागीय परीक्षाओ में सफलता मिलेगी। 07 जुलाई से मित्रो तथा परिवारजनो से विवाद होंगे, मनमुटाव रहेगा। शरीर तथा मन थका-थका रहेगा। पारिवारिक कलह रहेगी। परिश्रम तथा साहस में कमी आयेगी। व्यय अधिक रहेगा। यात्राओ में असुविधा होगी। मानसिक तथा शारीरिक व्यथाओ से पीड़ित रहेगे। सुख ऐश्वर्य में कमी आयेगी। भू-सम्पत्ति के मामलो में विपरीत परिणाम होगे। जीवन साथी से मतभेद होगे। रोग ग्रस्त होगे। समय कुसमय का खानपान होगा।

शुभ दिन : 01, 04, 10, 21, 23, 28, 31

अशुभ दिन : 06, 08, 12, 14, 16, 18, 26,

VYAS PANCHANG

**अगस्त:** विरोधी पक्ष पर प्रभाव स्थापित करने में सफलता मिलेगी। वाद विवाद तथा कोर्ट कचहरी के मामलों में अपेक्षित सफलता मिलेगी। सहयोगियो तथा साझेदारो के साथ वैचारिक साम्यता बढ़ेगी। सन्तान के कार्यो की प्रसन्नता रहेगी। विपत्ति से छुटकारा मिलेगा। सफल यात्राये होगी। आरोग्य उत्तम रहेगा। पद, प्रतिष्ठा, प्रभाव में वृद्धि होगी। प्रशासन तथा प्रशासनिक कर्मियो से सहायता मिलेगी। तार्किक क्षमता का लाभ मिलेगा। आत्मविश्वास

में वृद्धि होगी। बहुमूल्य उपहार मिलेगा। धातुओ के व्यापार से लाभ होगा। 05 अगस्त से आर्थिक संतुलन बिगड़ेगा। विभिन्न माध्यमो तथा कारणो से स्थाई सम्पत्ति की हानि होगी। पारिवारिक जीवन अस्त व्यस्त रहेगा। उच्च पदस्थ व्यक्तियो से वैचारिक मतभेद होगे। यात्राओ में दुर्घटना का भय बनेगा। 22 अगस्त से योजनाबद्ध कार्यो से सफलता मिलेगी। झगड़े झंझटो में आक्समिक रुप से बचाव होगा।

शुभ दिन : 13, 17, 22, 25,

अशुभ दिन : 02, 04, 07, 09, 11, 15, 20, 27, 29

**सितम्बर :** मास के प्रारम्भ में आर्थिक कठिनाईया रहेगी। कड़ा परिश्रम होगा। जीवन साथी के रोगग्रस्त होने की सम्भावना रहेगी। स्वयं भी जननेन्द्रिय सम्बन्धी रोग से पीड़ित होगे। किसी प्रिय वस्तु की हानि होगी। महिलाओ के कारण हानि, शोक तथा अपमान की स्थिति बनेगी। 07 सितम्बर से अध्ययन-अध्यापन में रुचि बढ़ेगी। कला क्षेत्र में ख्याति मिलेगी। सर्वाजनिक सम्मान मिलेगा। वैभवी सामग्री क्रय करेगे। 17 सितम्बर के दिन स्वास्थय खराब होगा। विरोधी मुखर होगे। तनाव ग्रस्त रहेगे। 18 सितम्बर से विरोध समाप्त होगा। पारिवारिक समस्याओ का समाधान होगा। यात्राओ तथा व्यवसाय से अपेक्षित लाभ होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार से संचित धन की स्थिति संतोषजनक रहेगी। स्थान परिवर्तन स्थगित होगा। मतभेदो का सम्मानजनक समाधान होगा। आत्मविश्वास में वृद्धि अनुभव करेगे।

शुभ दिन : 14, 18, 21,

अशुभ दिन : 01, 03, 05, 07, 09, 11, 16, 23, 26, 28, 30

**अक्तूबर :** व्यवसायिक बाधाओ का सामना करना पड़ेगा। थका देने वाली कष्टपूर्ण यात्राये होगी। कार्यो में असफलता मिलेगी। मान हानि के कारण मन में क्लेश रहेगा। जीवन साथी से वैमनस्य रहेगा। सन्तान को रोग से पीड़ा होगी। स्वयं उदर रोग - अपच से पीड़ित रहेगे। अक्तूबर के अन्त से उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा। कार्यो में सफलता मिलेगी। शासक वर्ग से लाभ होगा।

शुभ दिन : 04, 11, 16, 18, 21, 25,

अशुभ दिन : 02, 06, 09, 13, 23, 27, 29

**नवम्बर :** कोर्ट कचहरी के मामलों में सफलता मिलेगी। सहकर्मियो तथा साझेदारो का सहयोग मिलेगा।यात्राओ में सफलता मिलेगी। दाम्पत्य जीवन का आनन्द रहेगा। 12 नवम्बर से पाचन सम्बन्धी समस्याये

VYAS PANCHANG

बनेगी। अनुचित इच्छाओ तथा आंकाक्षाओ के विचार बनेगे। अवैधानिक तथा असामाजिक कार्यो में रुचि होगी। सन्तान की बीमारी से अथवा सन्तान के कारण कष्ट होगा। 16 नवम्बर से कार्यो में परिश्रम के अनुरुप सफलता मिलेगी। रोगों से छुटकारा मिलेगा। प्रशासनिक सहयोग रहेगा। व्यय पर नियन्त्रण होगा। महिलाओ के माध्यम से लाभान्वित होगे। बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति का आनन्द रहेगा।

शुभ दिन : 07, 12, 15, 26, 30

अशुभ दिन : 01, 03, 05, 10, 17, 20, 22, 24, 28

**दिसम्बर :** आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति खराब होगी। बुद्धि चातुर्य काम नही करेगा। खानपान बिगड़ेगा। सतांन के दायित्वो की पूर्ति में विलम्ब से चिंता बढ़ेगी। विरोधी मुखर होंगे। कार्यो में असफलता से मन खिन्न रहेगा। अज्ञात कारणो से भयग्रस्त होगे। प्रयत्नो में असफलता से निराशा तथा खिन्नता रहेगी। आत्मविश्वास गिरेगा। किसी प्रियजन से अलग रहना होगा। वरिष्ठो, मित्रो तथा सहोदरो से विरोध होगा। 22 दिसम्बर से अपवाद की स्थिति समाप्त होगी। यात्राओं से लाभ होगा। मान-सम्मान तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कार्य व्यवहार सुचारु रुप से होगा। सम्बन्धियो तथा सहोदरो का सहयोग रहेगा। सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। धर्म तथा शास्त्रीय संदर्भो में रुचि लेगे।

शुभ दिन : 12, 14, 17, 23, 27,

अशुभ दिन : 02, 04, 07, 09, 19, 21, 25, 29

आपका यह वर्ष मंगलमय एवं सुखपूर्वक व्यतीत हो ऐसी शुभकामनाए ।

VYAS PANCHANG